# समाज को अनुशासित करने में संतों की महती भूमिका :मुख्यमंत्री

## जैन श्वेतांबर मालवा महासंघ के अधिवेशन में शामिल हुए मुख्यमंत्री




नव भारत न्यूज

**इंदौर. समाज को अनुशासित रखने में संत महात्माओं और मुनियों की महती भूमिका रही है. धर्म गुरुओं के संदेश, उपदेशों से भारतीय संस्कृति अक्षुण्ण है.**

शहर में आयोजित जैन श्वेतांबर मालवा महासंघ के 14 वें अधिवेशन एवं श्रीसंघ मिलन समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने यह बात कही. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से 'सेवा पखवाड़ा अभियान' शुरू किया जा रहा है. उक्त अभियान के तहत सभी जिलों में विभिन्न गतिविधियाँ और कार्यक्रम आयोजित होंगे. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में उद्योग विकास, निवेश और स्वरोजगार के अवसर बढ़ाए जा रहे हैं. गौमाताओं, गौशालाओं का संरक्षण, दुग्ध संघ के माध्यम से दुग्ध उत्पादन क्षेत्र बढ़ाने में बेहतर कार्य हुए हैं। आत्मनिर्भरता की ओर प्रदेश कदम बढ़ा रहा है. संघ मिलन समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आचार्य विश्वरत्न सागर का शुभाशीष प्राप्त किया. समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. यादव का मंगल कलश और शुभ अक्षतों की वर्षा कर स्वागत किया गया. इस दो दिवसीय समारोह में अन्य राज्यों व जिलों से गणमान्य नागरिक आए थे.

### सरकार ने जन हितैषी कार्यों को बढ़ावा दिया

इस दौरान आचार्य विश्वरत्न सागर ने आशीष वचन में कहा कि प्रदेश सरकार के मुखिया अपने सरल, सहज और समन्वय भाव से प्रदेश को विकास की ओर ले जा रहे हैं. नए उद्योग और रोजगार, धार्मिक न्यास को लेकर प्रदेश में जो कार्य हुए है वो अतुल्यनीय है. सरकार ने जन हितैषी कार्यों को बढ़ावा दिया है. समारोह में जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक गोलू शुक्ला, मधु वर्मा, रमेश मेंदोला, श्वेतांबर मालवा महासंघ के पदाधिकारी, सदस्य एवं वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे.

# लोक अदालत में निगम को मिला 28 करोड़ राजस्व

▶ दो घंटे पोर्टल बंद रहा, 40 करोड़ मिलने की उम्मीद



नव भारत न्यूज

इंदौर. आज लोक अदालत में नगर निगम को शाम तक 28 करोड़ रुपए राजस्व आय हो गई थी. निगम को रात 11 बजे तक 40 करोड़ रूपए राजस्व मिलने की उम्मीद है. खास बात यह है कि आज भी नगर निगम संपत्ति कर जमा करने का पोर्टल 2 घंटे बंद रहा. इस कारण जनता न सिर्फ परेशान हुई, बल्कि कई झोन कार्यालय पर जनता ने आक्रोश भी व्यक्त किया.

आज नगर निगम के सभी झोन कार्यालय, रजिस्ट्रार कार्यालय और मुख्यालय पर लोक अदालत लगाई गई थी. लोक अदालत में संपत्ति कर में 50 हजार बकाया और जल कर में 10 हजार बकाया पर करदाताओं को सरचार्ज में 100 प्रतिशत छूट दी गई थी. इसके तहत शहर के हजारों करदाताओं ने छूट का लाभ उठाते हुए करीब 28 करोड़ रुपए संपत्ति कर और जल कर के जमा किए है. नगर निगम के सभी कार्यालय पर रात 11 बजे तक छूट का लाभ दिया जाएगा. नगर निगम को आज लोक अदालत से करीब 40 करोड़ रुपए राजस्व मिलने की उम्मीद है. निगम राजस्व प्रभारी निरंजन सिंह चौहान ने लोक अदालत को लेकर शाम 6 बजे तक करीब 15 से ज्यादा झोन कार्यालय पर जाकर अधिकारियों और जनता से व्यवस्थाओं का जायजा लिया. दो झोन कार्यालय पर महापौर भी व्यवस्था देखने पहुंचे थे.

### दो घंटे पोर्टल बंद रहने से जनता हुई आक्रोशित

संपत्ति कर और जलकर में छूट का लाभ लेने जनता निगम झोन कार्यालय पहुंची, लेकिन सुबह 11 से 1 बजे तक दो घंटे पोर्टल बंद रहा. इससे जनता आक्रोशित हो गई और कई जगह कतार में लगे लोग भड़क उठे और व्यवस्थाओं को लेकर सवाल करने लगे. इस मामले की जानकारी मिलते ही राजस्व प्रभारी निरंजन सिंह चौहान मौके पर पहुंचे, तो उनको भी जानता के आक्रोश का सामना करना पड़ा. चौहान ने जनता को समझाइश दी कि आपको सुविधा का लाभ बराबर मिलेगा. पोर्टल भोपाल से संचालित होता है और तकनीकी खराबी आई है तो जैसे ही ठीक होगा, आपकी राशि जमा कर ली जाएगी. राजस्व प्रभारी द्वारा समझाने के बाद जनता शांत हुई और 1 बजे बाद पोर्टल शुरू होने पर निगम अधिकारियों ने भी राहत की सांस ली.

## एक नजर में

### वामा साहित्य मंच ने मनाया हिंदी दिवस




इंदौर. वामा साहित्य मंच, इंदौर द्वारा मध्य भारत हिंदी साहित्य समिति में हिंदी से हिंदुस्तान, अपनी भाषा, अपना मान विषय पर हिंदी दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम में शहर की लेखिकाओं व साहित्यकारों ने भाग लिया और हिंदी भाषा के विभिन्न आयामों पर अपने विचार व्यक्त किए. कार्यक्रम का प्रारंभ सरस्वती वंदना से प्रीति मकवाना ने किया. स्वागत उद्बोधन वामा अध्यक्ष ज्योति जैन ने दिया साहित्यिक विधाओं पर चर्चा करते हुए उषा गुप्ता, आशा गुप्ता ने कहा हिंदी अनुराग की भाषा बनें न कि वैचारिक मतभेद की पर अपने विचार रखे. इसके अलावा अंजना सक्सेना, रेखा मण्डलोई, नीरजा जैन, भावना दामले, तनुजा चौबे, अनुपमा गुप्ता, काजल मजूमदार, सपना सी.पी. साहू (स्वप्निल), डॉ. शालिनी बड़ोले, निरुपमा नागर, आशा मानधन्या और विभा जैन (ओज्स) जैसी लेखिकाओं ने भी विचार व्यक्त किए. आयोजन में मुख्य अतिथि डॉ. राकेश शर्मा ने संपादक की कठिनाईयों पर प्रकाश डाला. अतिथियों का स्वागत सचिव स्मृति आदित्य ने किया. संचालन अनिता जोशी ने तथा सफल आयोजन में संयोजक के रूप में वैजयंती दाते और वाणी जोशी का विशेष योगदान रहा. आभार प्रदर्शन डॉ. किसलय पंचोली ने माना.

### सिम्बायोसिस को एनआईआरएफ रैंकिंग में दूसरा स्थान



इंदौर. सिम्बायोसिस यूनिवर्सिटी ऑफ एप्लाइड साइंसेज़ इंदौर ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज करते हुए राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) 2025 में स्किल्स यूनिवर्सिटी श्रेणी में देशभर में दूसरा स्थान प्राप्त किया है. इस सफलता की जानकारी चांसलर डॉ. एस बी मजूमदार, प्रो-चांसलर डॉ. स्वाति मजूमदार और वाइस चांसलर प्रो. (डॉ.) विनीत कुमार नायर ने दी. कार्यक्रम को वर्चुअली संबोधित करते हुए डॉ एस बी मजूमदार ने कहा कि विश्वविद्यालय की यह उपलब्धि उसके कौशल-आधारित शिक्षा, उद्योग-उन्मुख पाठ्यक्रम, विश्वस्तरीय अवसंरचना और छात्रों की उल्लेखनीय सफलता का परिणाम है. यह सम्मान हमारे उस विज़न का प्रमाण है जिसमें शिक्षा को कौशल, नवाचार और रोजगार क्षमता से जोड़ा गया है और यह उपलब्धि हमें भविष्य में और ऊँचाइयों तक पहुँचने के लिए प्रेरित करेगी. विनीत कुमार नायर ने कहा कि यूनिवर्सिटी ऑफ एप्लाइड साइंसेज़ ने एक बार फिर यह साबित किया है कि वह भारत में कौशल-आधारित उच्च शिक्षा का अग्रणी संस्थान है और आने वाले वर्षों में भी अपनी पहचान को बनाए रखने और और मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है. कार्यक्रम में यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार डॉ मनीष झा व स्टाफ के अन्य सदस्य भी मौजूद थे.

### ओबेन इलेक्ट्रिक का 'मेगा फेस्टिव उत्सव' लॉन्च

इंदौर. इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल कंपनी ओबेन इलेक्ट्रिक ने 'मेगा फेस्टिव उत्सव' की शुरुआत की है. यह एक नेशनल लेवल का फेस्टिव ऑफर है, जो कंपनी की फ्लैगशिप इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल रोर ईजेड सिग्मा और रोर ईजेड पर लागू होगा. फेस्टिव सीजन के मौके पर कंपनी कस्टमर्स को 35,000 रुपए तक के खास फायदे दे रही है, इस पहल का उद्देश्य शहरों के कस्टमर्स के लिए प्रीमियम इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिलों को और ज्यादा किफायती और आकर्षक बनाना है। घोषणा पर ओबेन इलेक्ट्रिक की फाउंडर और सीईओ मधुमिता अग्रवाल ने कहा, मेगा फेस्टिव उत्सव खास तौर पर कस्टमर्स को इस त्योहार पर बेहतरीन फायदे देने के लिए लाया गया है, ताकि वे आसानी से हमारी इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल चला सकें. रोर ईजेड सीरीज में हमने ऐसी बाइक बनाई है जो शहर के सफर के लिए तेज, भरोसेमंद और आधुनिक तकनीक से लैस है. यह ऑफर हमारी इस सोच को और मजबूत बनाता है कि देशभर में ज्यादा से ज्यादा लोग इलेक्ट्रिक वाहन अपनाएं.

### अमेज़न ग्रेट इंडियन फेस्टिवल से पहले अर्ली डील्स

इंदौर. अमेजन.इन ने आज अमेज़न ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2025 से पहले अर्ली डील्स को शुरु किया है, जो ग्राहकों को 13 सितंबर से शुरू होने वाले शानदारप्री-फेस्टिवल ऑफर कर रहा है. मुख्य फेस्टिवल 23 सितंबर से शुरू होगा, जिसमें प्राइम मेंबर्स को 24 घंटे की विशेष अर्ली एक्सेस का लाभ मिलेगा. इस साल का शॉपिंग फेस्टिवल विशालडिलीवरी नेटवर्क, एआई-संचालित शॉपिंग टूल्स और त्योहारों के जश्न को और भी खास बनाने के लिए विशेष मनोरंजन विकल्पों द्वाराखरीदारी का अनुभव को शानदार बनाने का वादा करता है. प्राइम मेंबर्स पूरे ग्रेट इंडियन फेस्टिवल के दौरान बेहतरीनमूल्य का आनंद ले सकेंगे. 24 घंटे की अर्ली एक्सेस के लाभ के अलावा, प्राइम मेंबर्स विशेष प्राइम धमाका ऑफर - विशेष लाइटनिंग डील्स और केवल प्राइम ऑफर- को त्योहार की पूरीअवधि के दौरान प्राप्त कर सकते हैं.

### एडास के साथ लॉन्च हुई नेक्सॉन .ईवी

इंदौर. टाटा .ईवी ने आज घोषणा की है कि नेक्सॉन .ईवी 45 में अब एडवांस एडास सुरक्षा तकनीक जोड़ी गई है. प्रीमियम आकर्षण को और बढ़ाते हुए कंपनी ने इसमें रियर विंडो सनशेड और एम्बिएंट लाइटिंग जैसे फीचर्स भी शामिल किए हैं, जिससे ग्राहकों को बेहतर वैल्यू मिलेगी. इसके साथ ही, टाटा .ईवी ने नेक्सॉन .ईवी डार्क एडिशन भी लॉन्च किया है, जो पोर्टफोलियो में स्टाइल और एक्सक्लूसिविटी को और ऊंचाई पर ले जाता है. ये सभी नए मॉडल्स 5-स्टार भारत-एनकेप रेटिंग के साथ आते हैं. टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड के चीफ कमर्शियल ऑफिसर विवेक श्रीवास्तव ने कहा, टाटा .ईवी में हम लगातार अपने प्रोडक्ट्स को बेहतर बनाने का प्रयास कर रहे हैं ताकि ग्राहकों के लिए उनका अनुभव और भी सार्थक हो. नेक्सॉन .ईवी इस बात का सटीक उदाहरण है कि हम कैसे इसके आकर्षण और वैल्यू को लगातार बढ़ाते रहे हैं. अब एडास सुरक्षा तकनीक और डार्क एडिशन की शुरुआत के साथ, हम नेक्सॉन .ईवी में एक अलग और सॉफिस्टिकेटेड ब्यूटी लेकर आए हैं. साथ ही, इसकी सुरक्षा और प्रीमियम पहचान को और मजबूत किया है.

# एक साल से लंबित 15 हजार हितग्राहियों की पात्रता पर्ची जारी करेगा प्रशासन

## आपकी पर्ची आपका हक में विशेष केवायसी अभियान

नव भारत न्यूज

इंदौर. खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा 'आपकी पर्ची आपका हक' विशेष अभियान चलाया जा रहा है. इस अभियान के अंतर्गत एक वर्ष से लंबित करीब 15 हजार हितग्राहियों की पात्रता पर्चियां जारी की जाएंगी. ऐसे हितग्राही जिनकी पात्रता पर्ची का सत्यापन तो हो चुका है लेकिन पर्ची में दर्ज सदस्यों की केवायसी पूर्ण नहीं होने से पर्ची जनरेट नहीं हो सकी थी, अब उनके लिए विशेष व्यवस्था की गई है. जिला आपूर्ति नियंत्रक एम.एल.मारू ने बताया कि अभियान के तहत उचित मूल्य की दुकानों पर पीओएस मशीन से हितग्राहियों के केवायसी की जाएगी. विक्रेताओं को हितग्राहियों की सूची उपलब्ध कराई गई है और वे सुबह-शाम घर-घर जाकर भी केवायसी करेंगे. फूड ऑफिस में 2 पीओएस मशीनें विशेष रूप से लगाई गई हैं. हितग्राहियों को मोबाइल पर मैसेज व कंट्रोल रूम से फोन कर भी सूचना दी जा रही है. पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों की केवायसी आवश्यक नहीं. हितग्राही चाहें तो घर बैठे ही गूगल प्ले स्टोर से 'मेरा ई-केवायसी एप' डाउनलोड कर ऑनलाइन केवायसी कर सकते हैं.

**20 सितंबर तक पूर्ण करने के निर्देश**

कलेक्टर शिवम वर्मा ने निर्देश दिए हैं कि यह विशेष अभियान 20 तारीख तक तक शत प्रतिशत पूर्ण किया जाए. पात्रता पर्ची जनरेट होने के बाद संबंधित हितग्राहियों को एक अक्टूबर से राशन प्रदाय प्रारंभ कर दिया जाएगा.














